सुपेला शास्त्री अस्पताल में कोविड जांच के लिये 2 अतिरिक्त काउंटर की आज से हुई व्यवस्था, कोविड जांच के लिये बढ़ती कतारों को देखते हुये निगमायुक्त श्री रघुवंशी ने दिये थे निर्देश

भिलाईनगर / निगम आयुक्त श्री रघुवंशी लगातार सुपेला शास्त्री अस्पताल में उचित व्यवस्था बनवाने अस्पताल का जायजा ले रहे है। इधर आने वाले मरीजों एवं व्यक्तियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर सुपेला अस्पताल में व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर रहे है। आज भी निगम आयुक्त से अस्पताल का जायजा लिया। उन्होंने कोविड जांच के लिये 2 अतिरिक्त काउंटर तैयार करने के निर्देश दिये थे। आज पुनः निर्देश के परिपालन में फीडबैक लेने पहुंचे। तब तक अस्पताल में कोविड जांच के लिये काउंटर की व्यवस्था नहीं की गयी थी। जिसको लेकर निगम आयुक्त ने तत्काल 2 अतिरिक्त काउंटर तैयार करने डाॅ. नागदेवे को कहा और स्टाॅफ की नियुक्ति करने के निर्देश दिये। लगातार 3 दिनों से निगम आयुक्त अस्पताल का दौरा कर रहे है। कोविड जांच के लिये लंबी कतारों को देखकर उन्होंने काउंटर बढ़ाने कहा था ताकि लोगों की अतिरिक्त भीड़ को कम किया जा सके तथा लंबी कतारे न लगे। आज निर्देश के अनुपालन में अतिरिक्त काउंटर और बढ़ा दिये गये है। डाॅ. नागदेवे ने बताया कि रचना मंडावी एवं प्रतिभा मार्टिन को इस कार्य के लिये नियुक्त करने आदेश जारी कर कोविड सैम्प्लिंग के कार्य में संलग्न कर दिया गया है। कोरोना के प्रारंभिक लक्षण दिखाई देते ही कोविड जांच समय पर करवाना चाहिए! सही समय पर उपचार मिलने से मरीज जल्दी स्वस्थ्य हो सकते है। भिलाई निगम क्षेत्र में लाल बहादुर शास्त्री सिविल हाॅस्पिटल सुपेला के अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोहका, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वैशाली नगर भिलाई , प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जुनवानी , शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बापू नगर , शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बैकुंठ धाम , शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोसानगर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छावनी , शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुर्सीपार के स्थानों में कोविड जांच की सुविधा उपलब्ध है।